प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 02.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के वन्तारा में पशु राहत और पुनर्वास केन्द्र का दौरा करेंगे–श्री मोदी सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राज्य सरकार, प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध–बजटीय घोषणाओं के समयबद्ध कियान्वयन के अधिकारियों को निर्देश दिए।
- रमजान का पवित्र महीना शुरू–आज रखा गया पहला रोजा–प्रधानमंत्री ने दी मुबारकबाद।
- मौसम में बदलाव से बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कई जगह बारिश की गतिविधियां–कुछ स्थानों पर ओले गिरने के समाचार।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के तीन दिन के दौरे पर कल शाम जामनगर पहुंचे। वे गुजरात में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। श्री मोदी आज पशु राहत और पुनर्वास केन्द्र वन्तारा जाएंगे। इसके बाद वे सोमनाथ मंदिर का दौरा करेंगे और सोमनाथ महादेव की पूजा करेंगे। श्री मोदी सासन भी जायेंगे और सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री कल गीर नेशनल पार्क में सफारी करेंगे और सासन गीर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बोर्ड वन्यजीव और वन संरक्षण और विकास के संवर्धन के लिए काम करता है। प्रधानमंत्री इस बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

---

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार, प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य बजट में की गई घोषणाओं से आमजन का जीवन बेहतर बनेगा और सुविधाओं में विस्तार होगा। भरतपुर दौरे पर आये मुख्यमंत्री ने जिला कलक्ट्रेट में बजट घोषणा और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को बजटीय घोषणाओं को कार्ययोजना के साथ धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। इस बीच भरतपुर प्रवास के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने आज सुबह केवलादेव पक्षी उद्यान का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

---

मुख्यमंत्री ने मौसम में आये बदलाव से कई जगह की ओलावृष्टि और इससे हुए नुकसान को लेकर अधिकारियों से फीडबेक लिया है। श्री शर्मा ने कल वीडियो कॉन्फ्रेस के जरिए जिला कलक्टरों से ओलावृष्टि पर चर्चा की। उन्होंने राजस्व विभाग को ओलावृष्टि से प्रभावित जिलों में फसल खराबे का आकलन कर जल्द गिरदावरी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने 7डी रिपोर्ट को भी 5 मार्च तक प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए प्रभावित किसानों को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के फंड से मुआवजा दिलवाने को कहा।

---

जयपुर में कल से एशिया–प्रशांत क्षेत्र के थ्री आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का आयोजन किया जायेगा। इसमें 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेगें। फोरम में उद्योग जगत के विशेषज्ञ शोधकर्ता और सिविल सोसाएटी के प्रतिनिधि भी शामिल होगें। फोरम का आयोजन आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की अगुवाई में किया जा रहा है। 5 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन में जापान के पर्यावरण मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र की

ओर से सहयोग दिया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। फोरम में इण्डिया पेवेलियन में विभिन्न मंत्रालयों और राष्ट्रीय मिशनों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इसके अलावा कई सत्र भी होगें। कार्यक्रम के तहत अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं से जुड़े समझौतों पर भी हस्ताक्षर किये जायेंगे।

---

रमजान का पवित्र महीना कल चांद दिखने के साथ ही शुरू गया है। कल मगरिब की नमाज के बाद चांद दिखने की पुष्टि होने पर सेंट्रल हिलाल कमेटी राजस्थान ने चांद दिखने का ऐलान किया। आज पहला रोजा है। मुस्लिम धर्मावलम्बी रमजान के पवित्र महीने के दौरान एक माह तक खुदा की इबादत में मशगूल रहेंगे। रमजान की शुरूआत होने पर देर रात तक मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बाजारों में खासी चहल पहल रही। जयपुर में रामगंज, घाट गेट सहित छोटे–बड़े बाजार गुलजार रहे। रोजा इफ्तार के लिए मेवे सहित खाद्य सामग्री खरीदते देखे गये। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि रमजान शुरू होते ही मुबारकबाद का दौर शुरू हो गया।

---

फाल्गुन महीने के दौरान प्रदेशभर में इन दिनों फागोत्सव के आयोजन हो रहे है। जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में आज इस संबंध में कार्यक्रम रखा गया है। सीकर के खाटूश्याम में चल रहे सालाना लक्खी मेले में देशभर से बडी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जारी है। शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में भी फागोत्सव तथा चंग उत्सव के आयोजन हो रहे है। इधर बृज क्षेत्र में भगवान के साथ फूल होली मनाने की तैयारिया जोरो पर है।

---

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि चिकित्सा व्यवसाय नहीं सेवा कार्य है। उन्होंने चिकित्सकों से सेवा भाव सबसे ऊपर रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में उदाहरण बनने का आह्वान किया है। उदयपुर में नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन–एनएमओ के 44वें राष्ट्रीय अधिवेशन नमोकॉन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने बदलते दौर में लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने पर चिंता जताते हुए देश के परम्परागत जीवनशैली और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत बताई। उन्होंने देश की प्राचीन चिकित्सा पद्धति और परंपरागत ज्ञान को संरक्षित रखने की अपील की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिवेशन की स्मारिका का भी लोकार्पण किया।

---

प्रदेश के मौसम में बदलाव से बीते 24 घंटों के दौरान कई जगहों पर बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई। कुछ स्थानों पर ओले गिरने के भी समाचार है। शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में मध्यम बारिश के साथ ठण्डी हवाएं चली। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार जयपुर, भरतपुर, संभाग के साथ शेखावाटी क्षेत्र में बारिश की गतिविधियां आज भी जारी रह सकती है। विभाग ने कल बीकानेर और जोधपुर संभाग में भी कहीं–कहीं हल्की वर्षा की संभावना जताई है। इस बीच हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि वहां बयाना क्षेत्र में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। भीलवाडा क्षेत्र के कई इलाकों में भी ओलावृष्टि से फसलो को नुकसान पंहुचा हैं। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और आसपास के इलाकों में भी कल से बादल छाये हुए है। राजधानी जयपुर में आज सुबह से ही मौसम खुशगवार बना हुआ है।

---

मध्य एशिया से हजारो किलोमीटर का सफर तय कर हर साल राजस्थान आने वाली कुरजा पक्षी का वापसी का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश के पश्चिमी भागो से कुरजा के झुंड गर्मी शुरू होते ही लौटने लगे हैं।

---